प्रेस नोट

जनपद- आजमगढ़,दिनांक- 07.04.2026

जन शिकायतों के निस्तारण में आजमगढ़ पुलिस का उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के समुचित समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर से की जाती है, प्रदर्शन के आधार पर मासिक रैकिंग का निर्धारण किया जाता है । प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/यथोचित कार्यवाही कराते हुए पोर्टल पर आख्या की फीडिंग की जाती है।

उल्लेखनीय है कि माह मार्च में जनपद आजमगढ़ पुलिस द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/यथोचित कार्यवाही किये जाने के फलस्वरूप निर्धारित मानकों के आधार पर प्रदान की गयी रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि उपरोक्तानुसार गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के आधार पर जनपद आजमगढ़ के समस्त 24 थानों को भी रैंकिग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

जनपद एवं थानों की रैंकिंग का निर्धारण फरीयादियों द्वारा किये गये शिकायतों के निस्तारण एवं उनके द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर उत्तर प्रदेश शासन स्तर से किया जाता है। पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ श्री डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन व दिये गये मार्गदर्शन के फलस्वरूप आजमगढ़ पुलिस द्वारा यह उपलब्धि हासिल की गयी है तथा आम जनमानस एवं फरियादियों में आजमगढ़ पुलिस के प्रति विश्वास एवं संन्तुष्टि की भावना में वृद्धि हुयी है। आजमगढ़ पुलिस की इस उपलब्धि के लिये उच्चाधिकारीगण द्वारा भी पुलिस कर्मियों की सराहना की गयी।

जनपद	रैंक
जनपद आजमगढ़	1

क्रम संख्या	थाना	रैंक
1	म0थाना	1
2	कोतवाली	1
3	रानी की सराय	1
4	कंधरापुर	1
5	गंभीरपुर	1
6	निजामाबाद	1
7	मुबारकपुर	1
8	जहानागंज	1
9	अतरौलिया	1
10	अहरौला	1
11	कप्तानगंज	1
12	तहबरपुर	1
13	रौनापार	1
14	महाराजगंज	1
15	बिलरियागंज	1
16	सरायमीर	1
17	सिधारी	1
18	पवई	1
19	फूलपुर	1
20	देवगांव	1
21	बरदह	1
22	तरवा	1
23	मेहनगर	1
24	मेहनाजपुर	1